DAINIK BHASKAR, Ranchi, 22.2.2018
Page No. 16, Size:(18.84)cms X (8.84)cms.

भास्कर ख़ास 21 दिसंबर 2015 को शौच के लिए गया कृष लापता हो गया था, चाइल्ड लाइन के लोगों ने की मदद

ताराटांड़ से दो साल पहले लापता हुए नौ साल के कृष के घर का पता आधार कार्ड से मिला, कोलकाता की संस्था ने पहुंचाया

भास्कर न्यूज | झुमरी तिलैया

कृष

शहर के पास ताराटांड़ से लापता कृष (9) दो साल बाद अपने माता-पिता के पास वापस लौट आया है। बच्चे का पता लगाने में आधार कार्ड का अहम रोल रहा। कोलकाता के किसलय होम से चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने उसे घर तक पहुंचाया।

दरअसल, ताराटांड़ निवासी राजनाथ राउत और कुसुम देवी का बेटा कृष 21 दिसंबर 2015 की सुबह घर से शौच के लिए निकला था, लेकिन लौटकर वापस नहीं आया। माता-पिता कई उसे ढूंढते रहे। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। एक समय तो उन्होंने उसके मिलने की आस छोड़ दी थी। कुसुम के आवेदन पर तिलैया थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया, पर पुलिस भी बच्चे का पता नहीं लगा सकी।

बच्चे के पिता ने बताया, 'चाइल्ड लाइन के लोगों उसे जानकारी दी कि कृष एक ट्रेन पर बैठ गया था और सियालदाह स्टेशन पहुंचा था। वहां से चाइल्ड लाइन के लोग उसे अपने साथ किसलय होम बारासात कोलकाता ले आए। बच्चे से उन्होंने घर का पता भी पूछने का प्रयास किया। लेकिन वह कुछ भी नहीं बता सका। बाद में उन्होंने बच्चे का बैंक खाता खोलने का विचार किया। इसके लिए आधार कार्ड बनाने की पहल की गई। इस दौरान पता लगा कि बच्चे का आधार कार्ड बना हुआ है। इस पर आधार में दिए पते पर बच्चे को यहां वापस लाया गया। कृष ने बताया कि होम में उसे अच्छी तरह से रखा गया था।

लौटने के बाद कृष माता-पिता, भाई के साथ